an>

Title: Regarding the need of a policy for controlling environment and water pollution and providing medical facilities for patients of kidney and other such seriousillness.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): महोदय, मैं बहुत ही दुखी मन से इस बात को रखना चाहती हूँ, जो हम सबके जीवन को प्रभावित करता है। पूरे देश में जल प्रदूषण और पर्यावरण प्रदूषण की वजह से गुर्दे की गम्भीर बीमारी फैलती जा रही है। इस गम्भीर बीमारी की चपेट में 20 से 45 वर्ष की आयु के लोग आ रहे हैं। मैं समझ सकती हूँ और आप भी समझ सकते हैं कि कहीं भी दिल्ली और बड़े-बड़े शहरों के अलावा गुर्दे को ठीक करने का उपकरण, डायलासिस कराने का उपकरण किसी भी जिले में नहीं है।

महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र में आज 4000-5000 गुर्दे के मरीज हैं, उनको दिल्ली, लखनऊ या बरेली जाकर भटकना पड़ता है। एक तो जल्दी से गुर्दे मिलते नहीं हैं और हर तीन दिन में उनको डायलैसिस की जरूरत पड़ती है, जो बहुत महंगा है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कहना चाहूंगी कि जल प्रदूषण और पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए कोई नीति बनायी जाये और जहां पर गुर्दे जैसे गंभीर बीमारी की दवाइयां, उपकरण और इलाज उपलब्ध न हों वहां ये सब उपलब्ध करायी जाये। विशेषकर नेफ्रोलॉजी के डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं, उनको बढ़ावा दिया जाए, उनको विशेष सुविधा देकर हर जनपद में तैनात करने की मैं मांग करती हूं।